दिनांक

# बहुत हुआ

दिवस- 47

**शिक्षण–निर्देश :**

'बहुत हुआ' कविता का समवेत स्वर में गायन करवाएँ तथा विद्यार्थियों से बातचीत करें।



बादल भइया
बहुत हुआ।
कीचड़–कीचड़
पानी–पानी
याद सभी को
आई नानी
सारा घर
दिन रात चुआ।
बादल भइया .....
जाएँ कहाँ
कहाँ पर खेलें
घर में फँसे
बोरियत झेलें ज्यों
पिंजरे में मौन सुआ।
बादल भइया .........
सूरज दादा धूप
खिलाएँ नाचें गाएँ
खुशी मनाएँ
तुम भी भैया
करो दुआ।
बादल भइया
बहुत हुआ।

दिनांक

# बहुत हुआ

दिवस- 48

**शिक्षण–निर्देश :**

विद्यार्थियों को कक्षा में दिखाई देने वाली वस्तुओं को उनकी बोली में जो कहा जाता है उसे पूछें तथा बताएँ।

## समान लय वाले दो–दो शब्द लिखिए–

| | | | |
|---|---|---|---|
| पानी | नानी | | |
| रात | सात | | |
| घर | हर | | |
| ताल | जाल | | |


## उचित शब्दों में सही का निशान लगाइए–

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) वर्षा से बचाता है | कुत्ता | जूता | छाता |
| (ख) हमें पैदल चलते समय पहनना चाहिए | घड़ी | जूते | टाई |
| (ग) जल की रानी है | मछली | सर्प | कछुआ |


## बताइए, इन्हें आपकी बोली में क्या कहते हैं–













| दिनांक | # बहुत हुआ | दिवस- 49 |
|---|---|---|

**शिक्षण–निर्देश :**

कविता का समवेत स्वर में गायन तथा विद्यार्थियों से बारिश से होने वाले लाभ, बारिश में खाने वाले पकवान, खेल आदि पर बातचीत करें।

## दिए गए सवालों के जवाब लिखिए–

| | |
|---|---|
| (क) | बारिश में आपके घर के आस–पास क्या–क्या होता है? |
| | |
| | |
| (ख) | बारिश में आपको क्या करने का मन करता है? |
| | |
| | |
| (ग) | आप बारिश होने पर क्या दुआ माँगते हैं? |
| | |
| | |

## बारिश होने पर क्या–क्या होता है? उनपर (✓) का निशान लगाइए–

| | | |
|---|---|---|
| (क) | कीचड़ हो जाता है | |
| (ख) | सड़कों पर पानी भर जाता है | |
| (ग) | बच्चे बाहर नहीं खेल सकते | |
| (घ) | घर में पानी टपकने लगता है | |
| (ङ) | धूप निकलती है | |

## बताइए ये सब बारिश से बचने के लिए क्या करेंगे–

| | |
|---|---|
| (क) | आदमी |
| (ख) | गाय |
| (ग) | चिड़ियाँ |
| (घ) | बकरी |


दिनांक


# बहुत हुआ

दिवस- 50

**शिक्षण–निर्देश :**
कविता का समवेत स्वर में गायन तथा गर्मी, सर्दी तथा बरसात के मौसम में प्रयोग में लाई जाने वाली सामग्रियों को बताएँ। साथ ही साथ पूरी कक्षा को तीन भागों में बाँट दें तथा तीनों को गर्मी, सर्दी तथा बरसात का नाम दें। अब प्रत्येक समूह अपने मौसम के आधार पर कुछ नाम बोलेंगे और शिक्षक/शिक्षिका उन्हें बोर्ड पर लिखेंगे।

## क्या होता है जब –





| | |
|---|---|
| | |
| | |
| | |
| | |


## बताइए, कौन–सी चीजें किस मौसम से जुड़ी हुई हैं–















| सर्दी | गर्मी | बरसात |
|---|---|---|
| | | |
| | | |
| | | |

दिनांक

# बहुत हुआ

दिवस- 51

**शिक्षण–निर्देश :**

कविता का समवेत स्वर में गायन करवाएँ तथा बारिश से बचने के लिए जिन वस्तुओं का प्रयोग करते हैं उन वस्तुओं के नाम तथा उसके बारे में विद्यार्थियों से बातचीत करें।

## बारिश से बचने के लिए आप क्या–क्या करते हैं (✓) का निशान लगाइए–

(क) छाता लगाते हैं


(ख) पेड़ के नीचे खड़े हो जाते हैं

(ग) घर के अंदर चले जाते हैं

(घ) बोरी सिर पर रख लेते हैं

(ङ) टोपी पहन लेते हैं

## मिले–जुले शब्दों से फूलों को सजाइए–





## अपनी पसंद का चित्र बनाइए–

| दिनांक | # बहुत हुआ | दिवस- 52 |
|---|---|---|

**शिक्षण–निर्देश :**

कविता का समवेत स्वर में गायन करवाएँ तथा अक्षर जाल से शब्द निकालने की समझ दें।

## चित्र देखिए और इसका नाम लिखिए–









## अक्षर जाल की सहायता से जानवरों के नाम पर ◯ कीजिए–

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| रा | सि | क | ग | ची | ता | ण |
| बा | चा | सिं | त | प | ली | री |
| हि | र | ण | च | ल | बा | घ |
| ना | ही | वी | ब | रू | ण | त |
| लो | थ | ग | क | फ | सि | बं |
| स | ख | क्ष | री | ख | च | द |
| शे | र | ब | ग | लं | गू | र |
| अ | गो | णा | द | नं | श | न |
| म | श | ल | हा | थी | घ | ध |